NORTH CENTRAL RAILWAY EMPLOYEES SANGH

Registered, Recognised & Affiliated to N.F.I.R. & I.N.T.U.C.
Central Office : 464/B, Nawab Yusuf Road, Allahabad (U.P.)

No : 229/NCRES/19 Date : 26.08.2019

श्रीमान प्रधान मुख्य यान्त्रिक अभियन्ता
नार्थ सेन्ट्रल रेलवे, इलाहाबाद

विषयः— वैगन मरम्मत कारखाना झांसी, पावर हाउस एवं सी.एम.एल.आर वर्कशाप झांसी से सम्बन्धित समस्याओं के निस्तारण हेतु।

महोदय,

वैगन मरम्मत कारखाना, झांसी, पावर हाउस एवं CMLR वर्कशाप झांसी की समस्याओं से सम्बन्धित मांग पत्र पूर्व में झांसी के "संघ" प्रतिनिधियों द्वारा प्रशासन को सौपा गया था किन्तु निराकरण न हो पाने के कारण कारखाना एवं सी.एम.एल.आर. का कार्य प्रभावित हो रहा और कर्मचारियों में असंतोष व्याप्त है। NCRES का अनुरोध है कि निम्न समस्याओं पर शीघ्र ध्यान दिया जाय।

(1) वैगन मरम्मत कारखाना एवं CMLR में बारिश के मौसम में शेडों में लीकेज व पिटों में पानी भर जाने के कारण कर्मचारी करंट की चपेट में आते रहते है। पानी की निकासी व शेडों के लीकेज को ठीक कराने की व्यवस्था की जाय।

(2) वैगन मरम्मत कारखाना एवं CMLR के कर्मचारियों को पीने के लिये शुद्ध पेयजल मुहैया कराया जाय।

(3) आडीटोरियम को वातानुकूलित कर जीर्ण—शीर्ण कुर्सियों को हटाकर नई कुर्सियां उपलब्ध करायी जाय।

(4) CMLR वर्कशाप में रिक्त पड़े वरिष्ठ विद्युत इन्जीनियर (SEE) के पद को शीघ्र भरा जाय।

कृपया उपरोक्त समस्याओं के समाधान के लिये उचित कार्यवाही करे जिससे कर्मचारियों में व्याप्त असंतोष को दूर किया जा सके व कार्य करने में हो रही दिक्कतों से भी छुटकारा मिल सके। कृत कार्यवाही से NCRES को भी अवगत कराने का कष्ट करें।

(आर. पी. सिंह)
महामंत्री